बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-547**
**03/11/2021**

# मुख्यमंत्री ने प्रकाश पर्व दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं

पटना 03 नवम्बर 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने प्रकाश पर्व दीपावली की प्रदेश और देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऍ दी हैं।

अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रकाश पर्व दीपावली अंधकार पर प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। अनेकता में एकता की मिसाल हमारी संस्कृति और भारतीय मनीषा 'असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योर्तिगमय, मृत्योर्माऽमृतं गमय' के शुभ संकल्प का संदेश देती है।

मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि दीपों का यह महापर्व प्रदेश में प्रेम और सद्भाव के साथ ही लोगों के जीवन में सुख, शान्ति और समृद्धि लाये।

******